ग्वालियर | सोमवार | 16 जून 2025 | वर्ष 30 | अंक 128 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00    navabharat.com    twitter.com/Nava_Bharat    fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत



5 इजरायली हमलों में ईरान में 31 की मौत



6 विमान हादसे से एविएशन बाजार में खलबली



7 खाद्य तेल लुढ़के, दालों में उछाल



10 सुरक्षित और खुश टीम चाहते हैं शुभमन गिल

## एक नजर में



### केरल हवाई अड्डे पर उतरा ब्रिटिश लड़ाकू विमान

**केरल.** ब्रिटेन की नौसेना के शक्तिशाली लड़ाकू विमान एफ-35 को शनिवार देर रात केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा. उधर वायु सेना ने आपात स्थिति में इसे सामान्य घटना बताया है. सूत्रों के अनुसार ब्रिटिश नौसेना के इस लड़ाकू विमान ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में तैनात ब्रिटेन के एक विमान वाहक पोत से शनिवार रात नियमित उडान भरी थी, लेकिन खराब मौसम और ईंधन की कमी के कारण विमान ने भारत में उतरने की अनुमति मांगी. अनुमति मिलने के बाद यह 10 बजे के करीब केरल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा.

### अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को उड़ाने की धमकी

**मुंबई.** मुंबई के बांद्रा इलाके में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास के कार्यालय में एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके बम होने की धमकी दी, लेकिन यह फर्जी कॉल साबित हुई. बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) पुलिस ने रविवार को बताया कि अमेरिकी वाणिज्य दूतावास कार्यालय में शनिवार करीब आठ बजे एक अज्ञात ने फोन किया और यहां बम होने की बात कही. उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही बीकेसी पुलिस अधिकारी और बम निरोधक दस्ते की टीम मौके पर पहुंचकर पूरे कार्यालय की जांच की लेकिन कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली. अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है. अज्ञात व्यक्ति के कॉल करने के पीछे के मकसद का पता लगाने से संबंधित जांच शुरू कर दी गयी.

### गोवा एयर इंडिया की फ्लाइट टेकऑफ से पहले रद्द

**साहिबाबाद.** हिंडन हवाई अड्डे से रविवार सुबह गोवा जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को तकनीकी खराबी के कारण अचानक टेकऑफ रोककर रद्द कर दिया गया. फ्लाइट रद्द होने की सूचना मिलते ही यात्रियों ने हवाई अड्डे पर हंगामा शुरू कर दिया. कई यात्रियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एयर इंडिया को टैग कर अपनी नाराजगी जताई और रिफंड की मांग की. एक्स पर अनिरबन नाम के एक्स हैंडल से यूज़र ने एयर इंडिया को टैग करते हुए लिखा, उन्हें फ्लाइट रद्द होने की जानकारी अभी मिली. अब इसका रिफंड कौन देगा? इस पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए फ्लाइट रद्द होने की पुष्टि की गई.

# 47 के डीएनए का मिलान

**अहमदाबाद, 15 जून. अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद डीएनए टेस्ट के जरिए लोगों की पहचान की जा रही है. रविवार दोपहर तक पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत कुल 47 लोगों के डीएनए का मिलान हुआ. गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने खुद इसकी जानकारी दी. 22 अतिरिक्त डीएनए नमूनों का मिलान किया गया है, जिससे अब तक कुल 42 डीएनए नमूनों का मिलान हो चुका है.**

राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने दोपहर एक बजे तक के आंकड़े जारी किए. उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, शनिवार रात 9 बजे से लेकर रविवार दोपहर एक बजे तक हमारी टीमों ने डीएनए नमूनों के मिलान के लिए अथक परिश्रम किया है. 22 अतिरिक्त डीएनए नमूनों का मिलान किया गया है, जिससे अब तक कुल 42 डीएनए नमूनों का मिलान हो चुका है. गुजरात के पूर्व सीएम विजय 12 जून को उसी एयर इंडिया फ्लाइट में थे जो दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी. इसमें चालक दल समेत 241 लोगों की जान चली गई थी. इनमें रूपाणी भी थे. गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, रविवार सुबह करीब 11.10 बजे उनका डीएनए मैच हो गया.

विजय रूपाणी का डीएनए मैच होने की जानकारी मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने उनके परिजनों को दी. गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने मीडिया को बताया, सीएम भूपेंद्र पटेल पूर्व सीएम विजय रूपाणी के आवास पर गए और परिवार को बताया कि डीएनए मिलान हो गया है. मुख्यमंत्री ने परिवार को ये भी बताया कि राजकोट में अंतिम संस्कार संपन्न कराने में सरकार उनका सहयोग करेगी. परिवार के सदस्य तय करेंगे कि वे उनका पार्थिव शरीर कब ले जाना चाहते हैं. विजय रूपाणी के आवास पर मौजूद विधायक रीटा पटेल ने कहा, विजय रूपाणी के परिजन तीन दिन से इंतजार कर रहे थे, डीएनए मिलान के बाद उन्हें संतोष मिला है.


## अहमदाबाद विमान हादसे पर तुर्कीये बोला-हमारा हाथ नहीं

**अंकारा.** तुर्की के अधिकारियों ने रविवार को इस दावे का खंडन किया कि दुर्घटनाग्रस्त एयर इंडिया बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का मेंटीनेंस तुर्की टेक्निकल टीम ने किया था. उन्होंने इस तरह के आरोपों को झूठा और गलत सूचना बताया. तुर्की में आधिकारिक सूत्रों ने एक आधिकारिक बयान में कहा, यह दावा कि बोइंग 787-8 यात्री विमान का रखरखाव तुर्की टेक्निक द्वारा किया गया था, गलत है. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि तुर्की टेक्निक ने कभी भी एयर इंडिया के किसी बोइंग 787-8 विमान पर काम नहीं किया है.

### तुर्की बोला- हम जानते हैं कि मेंटीनेंस किसने किया

तुर्की के बयान में कहा गया है, हालांकि हम जानते हैं कि दुर्घटनाग्रस्त विमान का सबसे हालिया रखरखाव किस कंपनी ने किया था, लेकिन आगे की अटकलों से बचने के लिए इस मामले पर बयान देना हमारे दायरे से बाहर है. सेंटर फॉर काउंटरिंग डिसइन्फॉर्मेशन हमारे प्रमुख ब्रांडों की प्रतिष्ठा को लक्षित करने वाले प्रयासों की निगरानी करना और उनके खिलाफ आवश्यक उपाय करना जारी रखेगा, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर तुर्की का प्रतिनिधित्व करते हैं. भारत के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए बयान में कहा गया है.

### बाबा रामदेव ने तुर्की पर लगाया था आरोप



यह स्पष्टीकरण योग गुरु बाबा रामदेव के बयान दिए जाने के बाद आया है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि एयर इंडिया के विमान के रखरखाव और सर्विस का काम तुर्की की एक एजेंसी करती थी. बाबा रामदेव ने कहा, मुझे पता चला है कि विमान के रखरखाव और सेवा का काम तुर्की की एक एजेंसी करती थी. भारत को विमानन क्षेत्र पर कड़ी नजर रखनी होगी. उस एजेंसी द्वारा साजिश रचे जाने की संभावना है. भारत को ऐसे संवेदनशील मामलों में विदेशी कंपनियों के हस्तक्षेप को रोकना होगा.

# पुणे में इंद्रायणी नदी में पुल गिरा

## 25 से ज्यादा लोगों के बहने की आशंका



**मुंबई 15 जून. महाराष्ट्र में पुणे जिले के मावल तालुका स्थित कुंडमाला क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में इंद्रायणी नदी पर बने पुल का आधा हिस्सा अचानक टूटकर गिर गया, जिससे उस वक्त पुल पर खड़े कई लोग नदी में गिर गए. घटना के समय मौके पर भारी भीड़ थी और शुरुआती जानकारी के मुताबिक 20 से 25 लोग लापता हैं और उनके नदी में बहने की आशंका जताई जा रही है.**

आधिकारिक तौर पर इस घटना में पांच लोगों के मरने की पुष्टि की गयी है जबकि कई के बहने की आशंका जताई गई है. वहीं रेस्क्यू टीम ने पांच से छह लोगों को बचाया है. बताया जाता है कि यह दुर्घटना रविवार अपराह्न लगभग 3-40 बजे की है. जब पुल का एक हिस्सा टूटा, तो कुछ लोग नीचे मौजूद पत्थरों पर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं. वहीं कई लोग सीधे नदी की तेज धारा में बह गए. नदी में बहाव काफी तेज होने के कारण राहत कार्य में भी दिक्कतें आ रही हैं.

ये वही पुल था जिससे कुंडमाला क्षेत्र को पार किया जाता था. पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाली तलेगांव दाभाड़े पुलिस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कर दिया गया है. राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय गोताखोरों को भी राहत और बचाव कार्य के लिए बुलाया गया है. रविवार को छुट्टी होने की वजह से बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पर्यटक कुंडमाला क्षेत्र घूमने आए थे. कुछ लोग उस समय पुल पर खड़े होकर फोटो ले रहे थे और दृश्य का आनंद ले रहे थे, जब पुल का एक हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा. यह हादसा अचानक हुआ और लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला.

> स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुल की हालत लंबे समय से खराब थी और इसकी शिकायतें प्रशासन तक पहले भी पहुंची थीं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. बीते कुछ दिनों से पुणे और उसके आसपास के क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही थी, जिससे इंद्रायणी नदी का जलस्तर बढ़ गया था और बहाव तेज था. इसी तेज बहाव और पुल की जर्जर हालत ने मिलकर इस हादसे को जन्म दिया. इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस ने कहा कि फिलहाल मौके पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है. पुलिस, प्रशासन और स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों की मदद से लापता लोगों की तलाश की जा रही है.

# गरीबों-किसानों-श्रमिकों की समृद्धि का आधार मनरेगा : सीएम

**भोपाल, 15 जून. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मनरेगा यह गरीबों, किसानों व श्रमिकों की समृद्धि का आधार है.**



आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीब, महिला, किसान और युवाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के विजन को साकार करने के लिये देशभर में अभियान चलाया जा रहा है. राज्य सरकार इस अभियान को मिशन मोड में संचालित कर रही है. प्रदेश में कमजोर वर्गों के आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही हैं. इनमें मनरेगा योजना गरीबों किसानों और श्रमिकों की आर्थिक समृद्धि का आधार बनी है.

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के माध्यम से न सिर्फ गरीब, श्रमिकों और किसानों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला रहा है, बल्कि सिंचाई की उपलब्धता भी बन रही है. योजना के अंतर्गत खेत-तालाब, अमृत-सरोवर, कुएं, चेक-डैम, भूमि समतलीकरण, मेड़बंदी, बागवानी, जल निकायों का निर्माण, जीर्णोद्धार और वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण सहित जल संचयन के अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे हैं. मनरेगा योजना से जल गंगा संवर्धन अभियान में अब तक प्रदेश के 32 लाख लोगों को रोजगार मिला है. वर्ष 2025-26 में मजदूरों को अब तक लगभग 1500 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है. ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में निवासरत लोगों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार मिले, इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा योजना चलाई जा रही है. मनरेगा योजना में लोगों को स्थानीय स्तर पर 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाता है.

> प्रदेश में अप्रैल माह से अब तक 22 लाख परिवारों के 32 लाख लोगों को मनरेगा योजना का लाभ मिला है. प्रदेश में बारिश के पानी का बड़े स्तर पर संचयन किया जा सके, लोगों को रोजगार मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के अंतर्गत प्रदेश में बड़े स्तर पर जल संरचना के कार्य किए जा रहे है. 14 जून की स्थिति में प्रदेश में 80 हजार 496 खेत तालाब, एक लाख एक हजार 61 कूप रिचार्ज पिट और एक हजार 283 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा रहा है.

## फ्लाइट में पांच घंटे फंसे 150 यात्री

**जयपुर.** एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक और बड़ी लापरवाही सामने आई है. दुबई से जयपुर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की इंटरनेशनल फ्लाइट में तकनीकी खराबी के चलते पैसेंजर्स को करीब 5 घंटे तक विमान में ही बैठाए रखा गया.

इस दौरान न तो एयर कंडीशनर चलाया गया और न ही यात्रियों को पानी या खाना उपलब्ध कराया गया. सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल हो रहा है, हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है.

# केदारनाथ में हेलीकॉप्टर क्रैश से 7 की मौत

## गौरीकुंड इलाके में हेलीकॉप्टर हादसा

**उत्तराखंड, 15 जून. रविवार को उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान एक बड़ा हादसा हुआ. केदारनाथ से गुप्तकाशी आ रहा हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया. इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई. मृतकों में 23 महीने का बच्चा भी शामिल है.**

रविवार सुबह आर्यन कंपनी का हेलीकॉप्टर क्रैश हुआ. हेलीकॉप्टर गौरीकुंड इलाके में सुबह 5.30 बजे क्रैश हुआ. हादसे की वजह खराब मौसम को बताया जा रहा है. मृतकों की पहचान रुद्रप्रयाग निवासी विक्रम सिंह, बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी



विनोद देवी और तुस्ती सिंह, महाराष्ट्र के राजकुमार सुरेश जायसवाल, शारदा जायसवाल और 23 महीने की बच्ची काशी, राजस्थान के कैप्टन राजीव के रूप में हुई है.

### नदी में परिवार के 5 सदस्य डूबे


**निर्मल.** तेलंगाना में बसारा तीर्थयात्रा के दौरान गोदावरी नदी में डूबने से एक ही परिवार के 4 सदस्यों की मौत हो गयी जबकि एक अभी भी लापता है. हादसे के समय हैदराबाद से 18 लोगों का एक समूह देवी सरस्वती की पूजा करने बसारा गया था. इस दौरान नदी में नहाने के दौरान 5 लोग डूब गए. स्थानीय गोताखोरों की मदद से अब तक नदी से 4 शव बरामद किए गए हैं, जबकि एक व्यक्ति लापता है.

# अगले साल तक नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा भारत

## बोले गृहमंत्री अमित शाह - आतंकियों के मुख्यालयों को चूर-चूर कर दिया

**लखनऊ, 15 जून. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भरोसा दिलाया कि अगले साल 31 मार्च तक भारत नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जायेगा. लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में आयोजित समारोह में 60 हजार 244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित किए गए.**

शाह ने कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है, और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा. उन्होने कहा कि आतंकवाद के



खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है. पाकिस्तान द्वारा तीन बार आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया. उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को चूर-चूर कर दिया.

शाह ने उत्तर प्रदेश सरकार की पारदर्शी और समावेशी भर्ती प्रक्रिया के लिए सराहना करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है. अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिसबल है और आज 60,244 युवा इसके अभिन्न अंग बन रहे हैं.

> उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षित पदों का शत-प्रतिशत लाभ उत्तर प्रदेश में सुनिश्चित किया गया है, जो योगी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है. उन्होने उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती रही थी, लेकिन 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी पुलिस ने नई बुलंदियों को छूना शुरू किया.

## दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के ट्रैक पर : सोनोवाल

**नई दिल्ली.** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि भारत 2029 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है. उन्होंने इस तेज प्रगति का श्रेय पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'निर्णायक और भ्रष्टाचार मुक्त' शासन को दिया और कहा कि देश विकास में 'अजेय उछाल' का अनुभव कर रहा है. भारत 'पॉलिसी पैरालिसिस और वंशवादी कुशासन' के युग से आगे निकल चुका है एनडीए सरकार की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर डिब्रूगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया.

**तीन देशों की यात्रा** | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगवानी के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स मौजूद थे

# मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे

**साइप्रस, 15 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में आज साइप्रस पहुंचे जहां राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स ने स्वयं हवाई अड्डे पर श्री मोदी का स्वागत किया. मोदी का विशेष विमान भारतीय समयानुसार करीब पांच बजे साइप्रस के लार्नाका अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा जहां उनकी अगवानी के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स मौजूद थे.**



हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी मौजूद थे. साइप्रस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर मोदी 15-16 जून को यहां की आधिकारिक यात्रा पर आए हैं.

मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, साइप्रस में पहुंच गया हूं. हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष भाव के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स को मेरा आभार व्यक्त किया है. यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी.

> विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा, साझा मूल्यों और आकांक्षाओं से युक्त एक विश्वसनीय साझीदारी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साइप्रस में पहुंच गए हैं. गहरे ऐतिहासिक संबंधों को प्रतिबिंबित करने वाले एक विशेष संकेत के रूप में राष्ट्रपति क्रिस्टोडोलिड्स और विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटीनोस कॉम्बोस ने हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया. द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए व्यापक चर्चाएं होनी हैं. मोदी तीन देशों के दौरे पर हैं. साइप्रस के बाद वह 16-17 जून को कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और वापसी में क्रोएशिया का भी दौरा करेंगे.

# वित्त मंत्री ने की महिला उद्यमियों से मुलाकात

**लद्दाख, 15 जून. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को लद्दाख क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और स्थानीय उद्यमियों द्वारा स्थानीय हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों की एक प्रदर्शनी का दौरा किया. उन्होंने कारीगरों, महिलाओं के नेतृत्व वाले एसएचजी और स्थानीय उद्यमियों के साथ बातचीत की, जिन्होंने अपने स्टॉल पर पारंपरिक शिल्प और हथकरघा वस्त्र का प्रदर्शन किया. वित्त मंत्री ने कारीगरों की उद्यमशीलता की भावना और रचनात्मकता की सराहना की.**



सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और केंद्र शासित प्रदेश में ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने में सरकार की भूमिका के बारे में बताया. यह पहल महिलाओं और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने और अधिक रोजगार सृजित करने के लिए केंद्र की समावेशी विकास नीति का हिस्सा है. वित्त मंत्री लद्दाख के चार दिवसीय दौरे पर हैं. वह क्षेत्र में वित्तीय समावेशन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में क्रेडिट की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए एक क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी. वित्त मंत्री लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल के पार्षदों और लद्दाख प्रशासन के साथ बातचीत करेंगी.

> मोदी सरकार ने प्रमुख डीएवाई-एनआरएलएम गरीबी उन्मूलन योजना के तहत को बढ़ावा देने के लिए देश भर में 90.76 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों में 10.04 करोड़ से अधिक महिलाओं को संगठित करने में सफलता प्राप्त की है. गरीबों के लिए पीएम मुद्रा योजना के तहत 32.61 लाख करोड़ रुपए के 52 करोड़ से अधिक लोन स्वीकृत किए गए हैं.